हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

04 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्षः त्याग...



07 हादसों के बाद भी नहीं लेते सरकारी अस्पताल...





## पूर्व विधायक की पोस्ट से मचा बवाल, प्रशासन ने फसल नुकसान निरंक दिखाया

# 'आगर जिला प्रशासन की लापरवाही से किसानों को नहीं मिला मुआवजा'


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगर जिले में खरीफ सीजन की तबाही झेल चुके किसानों के लिए अब एक और झटका सामने आया है। सुसनेर के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार की



सोशल मीडिया पोस्ट ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पाटीदार ने दावा किया है कि आगर प्रशासन ने किसानों के फसल नुकसान की रिपोर्ट में शून्य नुकसान दर्शाकर भोपाल भेज दिया, जिसके चलते मुख्यमंत्री द्वारा घोषित राहत राशि का वितरण जिले में नहीं हो सका।

पाटीदार ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा- आगर जिले के सभी महानुभावों मेरा आपसे आग्रह है... मैंने तीन दिन पहले बताया था कि आगर जिला नेतृत्व विहीन है। वल्लभ भवन भोपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगर जिला प्रशासन ने किसानों के नुकसान की रिपोर्ट निरंक भेजी है। इसी कारण मुख्यमंत्री द्वारा मुआवजा वितरण आगर जिले में नहीं हो पाया। इसके लिए आगर जिला प्रशासन और यहां के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं।



कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख) जिला आगर मालवा (म.प्र.)
E-mail: slr.agarmalwa@mp.gov.in

क्रमांक/ राहत/2025/952 आगर मालवा, दि. 25/09/2025

प्रति,
राहत आयुक्त
राहत भवन
भोपाल (म.प्र.)

विषय:- प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति के सर्वेक्षण के संबंध में।
संदर्भ:- श्रीमान के कार्यालय का पत्र क्रमांक 954/रा.आ/सा/2025 भोपाल दिनांक 13.09.2025.

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार अतिवृष्टि / पीला मोजेक से प्रभावित फसलों के सर्वे हेतु राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का संयुक्त दल गठन कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वेक्षण कार्य कराया जाने के निर्देश प्राप्त हुए।


उक्त निर्देशों के तारतम्य में आगर मालवा जिले में संयुक्त सर्वे दल द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया गया। सर्वेक्षण उपरान्त प्रारूप 'अ' एवं 'आ' मे जानकारी तैयार कर पत्र के साथ संलग्न कर श्रीमान की ओर सादर प्रेषित है।

संलग्न:- प्रारूप 'अ' एवं 'आ'।

अपर कलेक्टर एवं
प्रभारी अधिकारी राहत शाखा
जिला आगर-मालवा (म.प्र.)

पृ. क्रं./ राहत/2025/953 आगर मालवा, दि. 25/09/2025
प्रतिलिपि:-
1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. आयुक्त भू-अभिलेख मध्यप्रदेश भोपाल।
3. आयुक्त उज्जैन संभाग, उज्जैन।
4. स्टेनो टू कलेक्टर जिला आगर मालवा।

अपर कलेक्टर एवं
प्रभारी अधिकारी राहत शाखा
जिला आगर-मालवा (म.प्र.)



प्रपत्र "आ"

फसल क्षति के लिए राहत राशि का वितरण हेतु आवंटन की मांग

जिले का नाम - आगर मालवा


दिनांक 25.09.2025

(राशि रूपये में)

| क्रमांक | तहसीलो का नाम | प्रभावित ग्रामो की संख्या | कुल प्रभावित रकबा (हे.) | राहत स्वीकृति हेतु दर्ज राजस्व प्रकरणों की संख्या | प्रकरण में सम्मिलित कुल प्रभावित पात्र खातेदारों की संख्या | तहसीलदार द्वारा स्वीकृत राशि | उपखंड अधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि | कुल स्वीकृत राशि (7+8) | आवंटन की मांग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | आगर | 147 | 37500 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 2 | बडौद | 142 | 8184 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 3 | सोयतकला | 47 | 16581 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 4 | सुसनेर | 76 | 25246 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 5 | नलखेडा | 100 | 44870 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| जिला योग | | 512 | 132381 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |

टीप - आर.बी.सी. 6-4 के प्रावधानो के अंतर्गत जिले मे पीला मौजेक के कारण फसलक्षति 25 प्रतिशत से कम होने से आवंटन की मांग निरंक है।

अपर कलेक्टर
एवं प्रभारी अधिकारी राहत शाखा
जिला आगर मालवा



प्रपत्र "आ"

फसल क्षति के लिए राहत राशि का वितरण हेतु आवंटन की मांग

जिले का नाम - आगर मालवा


दिनांक 25.09.2025

(राशि रूपये में)

| क्रमांक | तहसीलो का नाम | प्रभावित ग्रामो की संख्या | कुल प्रभावित रकबा (हे.) | राहत स्वीकृति हेतु दर्ज राजस्व प्रकरणों की संख्या | प्रकरण में सम्मिलित कुल प्रभावित पात्र खातेदारों की संख्या | तहसीलदार द्वारा स्वीकृत राशि | उपखंड अधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि | कुल स्वीकृत राशि (7+8) | आवंटन की मांग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | आगर | 147 | 37500 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 2 | बडौद | 142 | 8184 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 3 | सोयतकला | 47 | 16581 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 4 | सुसनेर | 76 | 25246 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| 5 | नलखेडा | 100 | 44870 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |
| जिला योग | | 512 | 132381 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | |

टीप - आर.बी.सी. 6-4 के प्रावधानो के अंतर्गत जिले मे पीला मौजेक के कारण फसलक्षति 25 प्रतिशत से कम होने से आवंटन की मांग निरंक है।

अपर कलेक्टर
एवं प्रभारी अधिकारी राहत शाखा
जिला आगर मालवा



प्राकृतिक आपदा (पीला मौजेक रोग) से हुई फसल क्षति का पत्रक

प्रारूप प्रपत्र 'अ'

तहसील आगर, बडौद, सोयतकला एवं सुसनेर के संयुक्त दल का पंचनामा एवं प्रारूप 'अ' में प्रस्तुत जानकारी अनुसार प्रत्येक ग्रामो के कुछ खेतो में पीला मोजेक ... तक की क्षति परिलक्षित हुई है। दल द्वारा प्रभावित खेतो में से सीसीई एवं परंपरागत पद्धति से फसल कटाई प्रयोग कृषको एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ... फसल बीमे का लाभ दिलवाया जा सके।

तहसील नलखेडा के संयुक्त दल का पंचनामा एवं प्रारूप 'अ' में प्रस्तुत जानकारी अनुसार प्रत्येक ग्रामों के कुछ खेतो में पीला मोजेक रोग लगने से फसल ... हैं। दल द्वारा प्रभावित खेतों में से सीसीई एवं परंपरागत पद्धति से फसल कटाई प्रयोग कृषको एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न किये गए हैं। ... जा सके।

अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत शाखा जिला आगर मालवा

### खास बातें

- 512 गांवों में 1.32 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र सर्वे में शामिल
- पीला मोजेक, कीट प्रकोप और वर्षा से फसलों को भारी नुकसान
- प्रशासन ने रिपोर्ट में नुकसान निरंक दिखाया
- राहत वितरण सूची से आगर जिला बाहर
- पूर्व विधायक की पोस्ट से प्रशासन पर उठे सवाल
- किसान संगठनों ने मुआवजा देने की मांग की

### किसान संगठनों में आक्रोश दोबारा सर्वे की मांग

पूर्व विधायक की पोस्ट वायरल होते ही किसान संगठनों और सामाजिक संस्थाओं में आक्रोश फैल गया है। कई संगठनों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोबारा सर्वे कराने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने भी प्रशासन पर फर्जी सर्वे का आरोप लगाते हुए इसे किसानों के साथ अन्याय बताया है।

### इनका कहना है...

जिला प्रशासन द्वारा शासन को जो सर्वे रिपोर्ट भेजी गई थी वह प्रारंभिक सर्वे रिपोर्ट थी। फाइनल सर्वे रिपोर्ट अब भेजी जाएगी उसी अनुसार पात्र किसानों को राहत राशि प्रदान की जाएगी।

**आरपी वर्मा,** अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत शाखा जिला आगर मालवा


### दस्तावेजों से साबित हुआ शून्य नुकसान वाला सर्वे

पूर्व विधायक पाटीदार की पोस्ट के साथ लगाए गए कलेक्टर कार्यालय द्वारा राहत आयुक्त भोपाल को भेजे पत्र और सर्वे सारणी दस्तावेज़ों से यह पुष्टि होती है कि जिले के 512 गांवों में 1.32 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र सर्वे में शामिल था, लेकिन सभी तहसीलों आगर, सुसनेर, नलखेड़ा, कानड़, बड़ौद और सोयतकलां में फसल नुकसान की श्रेणियों (25-33%, 33-50%, और 50% से अधिक) में निरंक अंकित किया गया। इसी आधार पर भोपाल को भेजी गई रिपोर्ट में किसानों को नुकसान नहीं हुआ दर्शाया गया। पूर्व विधायक पाटीदार के अनुसार, प्रशासन की इस रिपोर्ट के कारण मुख्यमंत्री राहत वितरण की सूची में आगर जिला शामिल ही नहीं हो पाया। जिले में हजारों किसानों को अभी तक मुआवजे की कोई राशि नहीं मिली है। किसानों का कहना है कि उन्होंने सर्वे के दौरान नुकसान स्पष्ट बताया था, लेकिन रिपोर्ट में सच्चाई नहीं दर्शाई गई।

## प्रभारी मंत्री ने जिले के किसानों को राहत राशि प्रदान करने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





जिले में किसानों को राहत राशि प्रदान किए जाने को लेकर प्रभारी नागरसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को 6 अक्टूबर को लिखे गए पत्र में बताया कि मेरे प्रभार के जिले आगर मालवा में अतिवृष्टि, पीला मोजैक, कीट रोग एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण कृषकों की फसलों को अत्यधिक क्षति पहुंची है। इस कारण कृषक परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। नियमानुसार सर्वेक्षण आदि कार्य करवाकर कृषकों को राहत राशि वितरण किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जाएं।

मंत्री ने पत्र में बताया कि जिले के कृषक मुख्यतः सोयाबीन सहित अन्य प्रकार की खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। ऐसे में फसल खराब होने से कृषकों को आर्थिक नुकसान होने के साथ परिवार के लालन - पालन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने पत्र में बताया कि राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों के अनुरूप जिले के प्रभावित कृषकों को समयबद्ध राशि वितरण से कृषकों को सहायता प्राप्त होगी। तथा सरकार के प्रति उनका विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। वर्तमान में कई जिलों में राहत राशि वितरण प्रारंभ किया जा चुका है। किंतु प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरे प्रभार का जिला आगर मालवा किसी कारणों से छूट गया है। मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि त्वरित कार्यवाही कर जवाबदेही से नियमानुसार सर्वेक्षण आदि कार्य करवाकर कृषकों को राहत राशि वितरण किए जाने दिशा निर्देश प्रदान किए जाएं।

## पूर्व विधायक ने लिखा पत्रः आगर जिले के प्रभावित कृषकों को उचित आकलन कर मुआवजा राशि जारी की जाए

**नलखेड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ फसलों के नष्ट होने से प्रभावित जिलों के किसानों के लिए राहत राशि जारी करने वाली सूची में आगर जिले का नाम न होने से कृषकों में आक्रोश व्याप्त है। जिले में किसानों को उनकी नष्ट हुई खरीफ फसलों का मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग को लेकर सुसनेर क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार द्वारा प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखे गए हैं।

पूर्व विधायक पाटीदार द्वारा लिखे गए पत्र में बताया गया कि इस वर्ष पूरे प्रदेश में सोयाबीन की फसल चौपट हो चुकी है। जो शासन को भी भली-भांति प्रकार से संज्ञान में है। आगर जिला भी इससे अछूता नहीं है। विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कुछ कृषक ऐसे हैं जिनके बीज तक की लागत भी उत्पादन से नहीं निकल पाई है। सोयाबीन फसल के चौपट होने से क्षेत्र के किसानों की स्थिति दयनीय होकर अगली फसल की बुवाई हेतु भी आर्थिक संघर्ष की स्थिति में आ चुके हैं। पाटीदार ने पत्र में लिखा की शासन द्वारा नुकसान के आधार पर जो मुआवजा देने की कार्यवाही की जा रही है उसमें आगर जिला पूर्णतः छोड़ दिया गया है। जिससे क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है। एवं प्रशासकीय कार्य प्रणाली एवं शासन पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है की नुकसान सर्वाधिक होते हुए भी क्षेत्र के कृषकों को मुआवजे से वंचित क्यों होना पड़ रहा है ? पाटीदार ने शासन से निवेदन किया कि तत्काल प्रभावित कृषकों को उचित आकलन कर मुआवजा राशि जारी की जावे एवं प्रशासनिक स्तर पर निर्धारित जवाबदारों की कार्यप्रणाली की जांच कर लापरवाहों पर उचित कार्यवाही भी की जाए।

## अभद्र टिप्पणी करने वाले पर हो एफआईआर : दोहरे



**सीहोर।** मुख्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एड. कमलेश दोहरे जोन प्रभारी सागर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। जिसमें अनिल मिश्रा ग्वालियर द्वारा बाबा साहेब डॉ आंबेडकर के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किये जाने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

बताया जा रहा है कि आचरण ग्वालियर नामक सोशल मीडिया लाइव के दौरान अनिल मिश्रा ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ बेहद अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी कर दी। बस फिर क्या था वीडियो कुलदीप धनवई की आईडी से वायरल हुआ और सोशल मीडिया पर गुस्से की आग भडक़ उठी।

डॉ. अंबेडकर के अपमान से संविधान प्रेमी, बुद्धिजीवी और अंबेडकरवादी संगठन सड़कों पर उतर आए हैं। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने इसे सिर्फ एक व्यक्ति का अपराध नहीं, बल्कि संविधान और सामाजिक सौहार्द पर सीधा हमला बताया है। बीएसपी ने महामहिम राष्ट्रपति और मध्यप्रदेश पुलिस से मांग की है कि अनिल मिश्रा पर देशद्रोह, एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सोशल मीडिया पर भी मामला आग की तरह फैल चुका है—लोग कह रहे हैं अब चुप नहीं बैठेंगे, संविधान का अपमान नहीं सहेगा भारत। फिलहाल पूरा देश इस विवाद पर सुलग रहा है और मांग एक ही है। डॉ. अंबेडकर का अपमान करने वालों को बख्शा न जाए।

ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी, नर्मदा प्रसाद जिला प्रभारी, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष, डी.बी. बड़ोदिया, साकिर अली जिला उपाध्यक्ष सीहोर, नरसिंह भारतीय जिला महासचिव बसपा, सीहोर हरि ओम बौद्ध जिला कोषाध्यक्ष, सीहोर आनंद घावरी जिला बीवीएफ संयोजक बसपा सीहोर, बटनलाल गलेरिया, लखनलाल बड़ोदिया, प्रभारी इछावर, लक्ष्मीनारायण अहिरवार विस प्रभारी सीहोर, धीरप अहिरवार विस अध्यक्ष सीहोर, जितेन्द्र मकवाना विस प्रभारी बसपा, आष्टा देवकरण कुरल विस अध्यक्ष बसपा, आष्टा अर्जुन पैरवाल विस उपाध्यक्ष आष्टा, धर्मेन्द्र बड़ोदिया, कांशीराम बर्द विस अध्यक्ष बुधनी, अर्जुन बौद्ध विस महासचिव बसपा बुधनी, रमेश धावरे, रोशन बरखने, रोहन जानपुरे, आशीष गोदरे, वीर सिंह मेहरा, मनमोहन धावरे, सरोज मालवीय, धनश्याम जाटव, थानसिंह धनराज थरेले, वीरू जाटव, सुनील मालवीय, अजय मालवीय, अनिल मालवीय, साहिल मालवीय, दुर्गेश मालवीय, धनराज मालवीय, रितेश मालवीय, राकेश मालवीय, धर्मेन्द्र कचनेरिया, राजमल सौलंकी, मुंशीलाल मालवीय, सोनू बौद्ध, अवरार ख़ान, अखिलेश मालवीय, देवराज पैरवाल, मुकेश मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन

# पुण्य उदय होने पर ही हम संतो को आहार दान देते हैं : मुनि विवर्धन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संसार में ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां इस जीव ने परिभ्रमण नहीं किया हो। हम स्वर्ग और नरक के साथ संपूर्ण क्षेत्र में कई बार जन्म ले चुके हैं। तीर्थों की वंदना करना अच्छी बात है। पर्यटक स्थलों की बजाय तीर्थों की वंदना करना चाहिए, जिससे पुण्य प्राप्त होगा। पुण्य के उदय के कारण ही हम तीर्थ वंदना करते हैं। पुण्य उदय के कारण ही हम मुनियों को आहार दान दे सकते हैं।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि यहां संसारी प्राणी इस संसार में इस प्रकार रम जाता है कि कब जीवन समाप्त हो गया मालूम ही नहीं पड़ता है। राग, रूप परिणामों के द्वारा बार-बार जन्म मरण होता रहता है। संपूर्ण लोक के क्षेत्र में क्रम से कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां इस जीव ने जन्म नहीं लिया हो। इस संसार में कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां इस जीव ने परिभ्रमण नहीं किया हो।


मुनि श्री ने कहा कि हम अभी वर्तमान में भरत क्षेत्र के आर्यखंड में रहते हैं। जिसका एक





छोटा सा क्षेत्र भी हम नहीं देख पाए है। जम्बू दीप से भी हम पूर्ण रूप से परिचित नहीं है। हम स्वर्ग और नरक के साथ संपूर्ण क्षेत्र में कई बार जन्म ले चुके हैं। तीर्थों की वंदना करना अच्छी बात है। पुण्य के उदय के कारण ही हम तीर्थ वंदना करते हैं। पुण्य उदय के कारण ही हम मुनियों को आहार दान दे सकते हैं। प्रवचन में उपस्थित औरंगाबाद से पधारे सचिन कासलीवाल के बारे में मुनि श्री ने कहाकि इन्होंने चार माह तक अपना व्यवसाय बंद करके मुनियों को आहार दान दिया था। ऐसे निर्मल परिणाम वाले भी श्रावक रहते हैं। जिनके परिणाम श्रेष्ठ रहते हैं उनका श्रेष्ठ समाधि मरण होता है। उन्होंने कहाकि जिनकी संतान अच्छी होती है वह अपने मरणासन्न माता-पिता को सल्लेखनपूर्वक समाधि मरण के लिए साधु संतों के पास ले जाते हैं। उन्होंने कहाकि नगर में संत नहीं होने पर पास के नगरों में हो तो वहां जाना चाहिए। पुण्यशाली श्रावक ही संतो को आहार दान दे सकते हैं। संतों को आहार दान देना सौभाग्य की बात है। पर्यटक स्थलों की बजाय तीर्थो की वंदना करना चाहिए। जिससे पुण्य प्राप्त होगा। संपूर्ण संसार में हम कई भव से भ्रमण कर रहे हैं। फिर भी धर्म के मार्ग पर हम नहीं लग पाए।

उन्होंने कहाकि जन्म और मरण की पीड़ा भयंकर होती है। जन्म के समय मां के गर्भ में व वृद्धावस्था में मरण के समय इस जीव को पीड़ा सहन करनी पड़ती है। वृद्धावस्था अद्ध मृतक अवस्था होती है। मरने वाले व्यक्ति की पीड़ा उसके चेहरे से दिखाई देती है। मरण के समय जीव की तड़पन देखी नहीं जा सकती है। ऐसी वेदना को भी हमने कई बार झेला है। उन्होंने बताया कि आदिनाथ भगवान के समय 500 धनुष की अवगाहनना थी। वर्तमान में हमारी अवगाहनना 6 -7 फीट की है। हमें अब ऐसा पुरुषार्थ करना है कि बार-बार इस संसार में परिभ्रमण नहीं करना पड़े। आत्म कल्याण करने के लिए हमें धर्म धारण कर परम सुख को प्राप्त करना होगा। मुनिश्री ने बताया कि दीपावली पर्व पर मंदिरजी में निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। उसी दिन चातुर्मास निष्ठापन भी होगा तथा 3 नवंबर को पिच्छी परिवर्तन होगा।



## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ भक्ति संध्या कार्यक्रम हुआ

**नलखेड़ा।** चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान भक्त मंडल द्वारा सायं 7:30 बजे महाआरती कर भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। महाआरती के बाद भक्ति संध्या कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। पूर्णिमा के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर भी महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

## नगर में निकला चल समरोह, महाआरती के बाद किया प्रसादी का वितरण

# धूमधाम से मनाया गुरु टेकचंद महाराज का समाधि उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

मंगलवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय जूना गुजराती दर्जी समाज द्वारा गुरु टेकचंद महाराज का 214वां समाधि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के दर्जी सेरी स्थित समाज के मंदिर से बैंड बाजे और ढोल के साथ टेकचंद महाराज के जयकारे लगाते हुए गुरु टेकचंद महाराज चित्र को सुसज्जित बग्गी में विराजित कर चल समरोह निकला गया। चल सामारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए, जिसमें समाज के लोगों साहित महिलाएं और बच्चे गुरु टेकचंद के जयकारे लगाते और भजनों पर झूमते चल रहे थे। चल सामारोह दर्जी सेरी समाज मंदिर से प्रारंभ होकर पीपल चौक, खरंजा चौक, झण्डा चौक, दयानंद मार्ग, कांकेश्वर मन्दिर होते हुए माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन पहुंचा जहां गुरु महराज की आरती की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा समाज के युवा तरुण संघ द्वारा तैयार की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर व आसपास के गांवों से समाज के लोग उपस्थित थे।











### नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

अखिल भारतीय जूना गुजराती दर्जी समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का समाजजनों व जन प्रतिनिधियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा गुरु महाराज का पुजन किया गया। इसी कड़ी में खरंजा चौक पर आशीष सोनी, धीरेन्द्र सोनी आदि द्वारा दयानंद मार्ग पर वेद कथा समिति की विजय लक्ष्मी माली, मोहनलाल आर्य, दरबार सिंह आर्य,नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर आदि के द्वारा तथा एलएसएस के सामने अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के कन्हैया लाल बीजापारी, नंदकिशोर वर्मा, नारायण सिंह मालडावदिया, राकेश बीजापारी आदि द्वारा इसके आगे नगर परिषद चौराहे पर सांसद व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, पार्षद ओमप्रकाश पालीवल, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, रमेशचंद्र सूर्यवंशीबनेसिंह चौहान, कालूराम तथा भंवरलाल खजुरिया, राजेश माली, शंकर कुमावत ने तथा पुराने बस स्टैंड पर पंकज माली और भगवान माली आदि ने चल समारोह का पुष्प वर्षा और समाज के वरिष्ठ जनों का पुष्प माला व सरोफा बांध कर स्वागत किया गया।

### मंदिर निर्माण के बाद अब धर्मशाला की रूपरेखा तैयार

चल समारोह के बाद सभी समाजजन मांगलिक भवन में एकत्रित हुए जहां निर्माण समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल परमार ने पूरे वर्ष की आय व्यय संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि समाज का मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब हमें समाज की बड़ी धर्मशाला के निर्माण की नीव रखनी है इस पर सभी समाजजनों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया, साथ ही समाज की रजिस्टर्ड समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। नवीन समिति में कन्हैया लाल परमार, मदनलाल चौहान, कालूराम सोलंकी, कालुराम चावड़ा, मांगीलाल सोलंकी, दुर्गा प्रसाद सोलंकी, दुर्गा शंकर सोलंकी, नरेंद्र चावड़ा, दिलीप परिहार, रमेश चावड़ा, पीरूलाल जाधव, रामचंद्र राठी, रमेश पड़िहार, मुकेश सोलंकी, विष्णु प्रसाद गहलोत, अशोक सोलंकी एवं सुरेश चावड़ा का नाम पर सहमति बनी साथ ही पूर्व निर्माण समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार को सर्वसम्मति नई समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया।

खबर संक्षेप

## अलग-अलग घटनाओं में घर में फांसी लगाकर दो ने दी जान

**देवास।** सोमवार रात दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान 32 वर्षीय विकास पिता किशोरी लाल, निवासी नई आबादी क्षेत्र, और 19 वर्षीय कन्हैया लाल पिता बाबूलाल के रूप में हुई है। पहली घटना में, विकास ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में, कन्हैया लाल ने भी घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में किया गया, जिसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतकों के परिजन इस संबंध में कोई जानकारी देने से बच रहे हैं।

## चैंपियनशिप में प्रदेश बना पहला उप विजेता

**देवास।** कर्नाटक के कोपल शहर में 26 से 28 सितंबर तक आयोजित तेरहवीं राष्ट्रीय जूनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का आयोजन डिस्ट्रिक इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स & खेलो इंडिया सेंटर में संपन्न हुई। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख और महासचिव अभय श्रीवास ने बताया कि मध्य प्रदेश की टीम टोटल 83 खिलाड़ी जिसमें 41 बालक,43 बालिका और 3 कोच,3 मैनेजर ने भाग लिया। दल में देवास के 16 खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कर जूनियर में प्रतिज्ञा अगीरवाल,आयुष पटेल ने स्वर्ण पदक,मीत प्रजापति ने कांस्य पदक,प्री टीन में ग्रहिता वर्मा ने कांस्य पदक, मैकेन इवेंट्स में नेत्र त्रिपाठी, अनिका त्रिपाठी ने कांस्य पदक जीता, ये सभी खिलाड़ी अपने अपने वजन समूह में खेले। सेनी गांडा इवेंट्स सब जूनियर में विराज श्रीवास,आर क्रिश अन्नामलाई ने स्वर्ण,अर्शी सोमानी, यार्निका वर्मा और जूनियर गांडा इवेंट्स में खुशी कौशल, प्रतिज्ञा अगीरवाल ने कांस्य पदक जीता।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नगर में निकला प्रभावी पथ संचलन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्षः त्याग और तपस्या की अखंड साधना के साथ संघ ने पूरी की सौ वर्ष की यात्रा










जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बाबा भंवरनाथ की पावन नगरी भौरासा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस बार दशहरा पर्व का वर्षीय पथ संचलन मंगलवार को नगर की सड़कों पर निकला, जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक अनुशासित बद्ध होकर कदमताल करते हुए घोष वादन और भगवा ध्वज के साथ नगर की सड़कों पर निकले। इसके चलते ऐसा लग रहा था कि पूरा नगर संघमय हो गया हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हर वर्ष दशहरा पर्व पर पथ संचलन नगर में निकाला जाता है लेकिन इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में नगर में मंगलवार 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का प्रभावी व विशाल पथ संचलन निकाला गया। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया। इसमें हर घर से कम से कम एक व्यक्ति को शामिल किया गया जिसके लिए कई दिनों पूर्व से ही घर-घर जाकर स्वयंसेवक निमंत्रण दे रहे थे। मंगलवार को नगर में निकले पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे सड़कों पर जुट गए। पथ संचलन मार्ग पर जहां नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया गया वहीं संस्था मातृशक्ति की महिलाओं द्वारा संचलन का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में इस वर्ष पद संचलन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। मंगलवार को नगर के मध्य स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौरासा में सुबह 8:30 बजे से ही स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण प्रारंभ हुआ जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन मुख्य वक्ता के रूप में गोपाल राठौर, पर्यावरण प्रमुख शाजापुर, पंकज पटेल खंड कार्यवाहक टोंक खुर्द निवासी गोरवा एवं हेमंत बंड, नगर कारवाहक उपस्थित थे। मुख्य वक्ता द्वारा कहा गया कि सन 1925 में डॉ हेडगवार ने संघ का मार्ग चुना जिसके बाद धीरे-धीरे कारवां जुड़ता गया जिसका परिणाम देखने को आज मिल रहा है जिसके परिलक्ष्य में आज हम सब शताब्दी वर्ष बना रहे हैं। संघ ऐसी संस्था है जो हर एक को जोड़ने का कार्य करती है और हमें स्वदेशी सामग्री अपनाना चाहिए। संचालन के पूर्व एकत्रीकरण स्थल पर प्रकट कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक प्रदर्शन व शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात नगर में निकाले गए पथ संचलन में दंड वाहिनी, घोष दल, ध्वज शामिल रहे। संचलन में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते हुए नगर का भ्रमण किया गया। संचलन का नगर में स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



# देवास के खिलाड़ियों ने कराते इंडिया सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कराते इंडिया द्वारा डेली कॉलेज में कराते इंडिया सीनियर राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यशस्वी सेन ने स्वर्ण पदक, प्रेरणा राय ने रजत पदक, तथा पारोमिता दास ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ये तीनों खिलाड़ी आगामी एशियन गेम्स सिलेक्शन ट्रायल्स में शिलांग में भाग लेंगे। आयोजित की गई यह प्रतियोगिता पूर्णतः निशुल्क आयोजित की गई थी, साथ ही प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क रेफरी सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमे अतिरिक्त सचिन परिहार,यश मकवाना, नितिन शर्मा, रघुवीर सिंह चौहान, राज सोनी, कृति बेस, कोमल, अमीषा पटेल, स्वाति पटेल और संजना शर्मा ने ऑफिशियल एग्ज़ाम दी। कार्यक्रम में कराते इंडिया के अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार, उपाध्यक्ष राजेश यादव, तथा सचिव विनय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। यह जानकारी कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के सचिव आतिश माली द्वारा प्रदान की गई।

# परिवहन विभाग ने जिले में 15 दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान में 06 लाख 85 हजार का टैक्स जमा करवाया और 03 लाख 04 हजार की चालानी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में 22 सितंबर से 05 अक्टूबर तक चलाए गए विशेष प्रवर्तन अभियान में सभी प्रकार के वाहन जैसे - स्लीपर बस, यात्री बस, ओवरलोड डंपर, स्कूल वाहन, बिना हेलमेट दोपहिया चालकों की जांच की गई।

जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के निर्देशन में विशेष जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले एवं जांच टीम द्वारा देवास के सभी प्रमुख मार्गों पर सघन जांच की गई। जांच में बकाया कर वाले वाहनों से सख्ती के साथ टैक्स भरवाया गया। जिसमें कुल 26 वाहनों से 06 लाख 85 हजार 700 रुपये का बकाया वसूला गया, साथ ही आगे से तय समय पर अपने टैक्स को जमा करने की हिदायत दी गई। इसी प्रकार परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए जाने पर, बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना पीयूसी, ओवरलोडिंग, बिना स्पीड गवर्नर लगे वाहन, बिना पैनिक बटन तथा ओवर यात्री वाले वाहनों पर भी चलानी कार्यवाही की गई, कुल 123 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 03 लाख 04 हजार 100 रुपये की चालानी कार्यवाही करते हुए राजस्व वसूला गया।

आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान जो 22 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलाया गया था, इस अभियान में सभी वाहनों की जांच की गई, जिन वाहनों में कमी पाई गई, उनसे चालानी कार्यवाही और आगे से कमी को पूरा करने की हिदायत दी गई है, जांच दल द्वारा इस अभियान के बाद भी लगातार वाहनों पर सुधार हेतु जांच जारी रहेगी, सभी से अपील है कि अपने वाहनों के दस्तावेजों की कमी को पूरा करके ही वाहन संचालित करें।

### लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी द्वारा सेवा सप्ताह का आयोजन संपन्न

# क्लब में नेत्र परीक्षण व मधुमेह जांच शिविर किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी द्वारा 2 अक्टूबर से सेवा को आधार मानकर सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गई। क्लब के अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 2 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रेड क्रॉस ब्लड बैंक, गीता भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। 3 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे गौ सेवा गतिविधि का आयोजन भोलेनाथ मंदिर स्थित गौशाला में किया गया, इसमें गौ माता को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर उसकी सेवा की गई। लायंस सदस्यों द्वारा परिवार सहित 5 अक्टूबर को स्थानीय वृद्धाश्रम में सभी वृद्धो को फल वितरित किए एवं 101 वर्षीय वृद्ध माताजी सौरम बाई चौधरी का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके साथ ही निराश्रित बुजुर्गों के मन के भाव जानने की कोशिश की गई एवं उनके साथ क्लब के सदस्यों द्वारा समय व्यतीत किया गया। 6 अक्टूबर को दिव्यांग सहायतार्थ मूकबधिर बच्चों के छात्रावास में दिव्यांग बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक सामग्री भेंट की। उक्त कार्यक्रम मे मुक-बधिर बच्चों के द्वारा सांकेतिक भाषा में क्लब के सभी सदस्यों का स्वागत किया। 7 अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिकों हेतु नेत्र परीक्षण एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर स्थित वरिष्ठ नागरिक संस्था के कार्यालय में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 72 वरिष्ठ नागरिकों का डॉ. आर.के. सक्सैना, डॉ. आर.सी. मुंदडा, लायन डॉ. के. के. धूत, लायन डॉ. प्रकाश गर्ग, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ. योगेश वालींबे द्वारा जांच कर नेत्र एवं मधुमेह रोग के लक्षण बताकर सावधानियां के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश पाराशर जी एवं उनकी टीम का भी विशेष सहयोग रहा। उक्त सेवा सप्ताह के आयोजन के दौरान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल, सचिव लायन भगवान गोयल, कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर, एमजेएफ लायन औसाफ कुरैशी, लायन एम.के. नागर, लायन आर. सी. पालीवाल, एमजेएफ लायन डॉक्टर के. के. धूत, लायन डॉक्टर आर. सी. शर्मा, लायन डॉक्टर योगेश वालिम्बे, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ प्रकाश गर्ग, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन एम. एल. डाबी, लायन ओमप्रकाश बंसल, लायन डॉ. जसमत सिंह यादव, लायन दिनेश भूतड़ा, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन अशोक जोशी, लायन सुरेश परवाल, लायन राधेश्याम सोनी, लायन अरुणा सोनी, लायन सलमा कुरैशी आदि उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर दो प्रकरण किए दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त देवास ब में गस्त के दौरान एक बिना नंबर की एक्टिवा की डिक्की में 50 पाव देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए विकास निवासी गीताभवन देवास को पकड़ा गया तथा एक अन्य व्यक्ति से 20 पाव देशी मदिरा,07 केन बियर एवं 05 पाव विदेशी मदिरा जप्त की कार्यवाही में दो प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गए। जब्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 77000 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक, प्रेम यादव, आबकारी आरक्षक आशीष, निकिता परमार सैनिक किशोर सिसोदिया, अनिल अकोडिया सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ की रैली में शामिल होंगे बसपा के हजारों कार्यकर्ता

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली रैली की तैयारियों में जुटे हैं। जिलाध्यक्ष अमन संतोष के नेतृत्व में ललितपुर स्थित बसपा कार्यालय में रैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई जा रही है। इस रैली में ललितपुर से 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। जिलाध्यक्ष अमन संतोष ने बताया कि ललितपुर की दोनों विधानसभाओं से 15-15 बसें, यानी कुल 30 बसें लखनऊ के लिए रवाना होंगी। इसके अतिरिक्त, 50 से अधिक चार पहिया निजी वाहन भी कार्यकर्ताओं को लेकर जाएंगे। कुछ कार्यकर्ता ट्रेन से भी लखनऊ पहुंचेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि ललितपुर में 104 सेक्टर हैं, और 5-6 सेक्टरों को मिलाकर एक बस की व्यवस्था की गई है। सक्षम कार्यकर्ता अपने निजी खर्च पर बसों का इंतजाम कर रहे हैं। सभी बसें 8 अक्टूबर को शाम 4 बजे हाईवे स्थित झरर घाट से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी और 9 अक्टूबर की सुबह तक पहुंच जाएंगी। जिलाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि ललितपुर में हो रहे उपचुनाव में बसपा ने अपना कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं किया है और न अन्य पार्टी को समर्थन दिया है।

### नाबालिग लड़कियों को भाग ले जाने का आरोप

**ललितपुर ।** नेहरू नगर निवासी एक अभिभावक अभिभावक ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री देवी जी की झांकियां को देखने घर से निकली थी फिर लौट कर वापस नहीं आई खोजबीन करने पर पता लगा कि गोविंद नगर निवासी एक लड़का बहला फुसला कर मेरी पुत्री को भगा ले गया है मेरी पुत्री लगभग 17 वर्ष की है और नाबालिग है पुलिस ने कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर गोविंद नगर निवासी मोहम्मद उमर पुत्र रफीक के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 173 (2) 351(3) मुकदमा पंजीकृत कर तलाश जारी की है।

मानकों को दरकिनार कर मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, जिम्मेदार मौन

# हादसों के बाद भी नहीं लेते सरकारी अस्पताल व निजी अस्पताल सबक

अग्निशमन विभाग के पत्राचार के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

**आग बनी चेतावनी, अस्पतालों में अग्निशमन मानकों की अनदेखी पर उठे सवाल**

**ललितपुर।** सरकारी व निजी अस्पतालों में आगजनी से होने वाली मौतों के मामले थमने का नाम नही ले रहे है, अस्पतालों में मानकों के अनुसार अग्निशमन यंत्रों के न होने के कारण यह घटनायें बढ़ती जा रही है। जनपद ललितपुर में सरकारी अस्पताल हो या प्राईवेट अस्पताल किसी में पूरे मानक न होने के कारण अग्निशमन विभाग द्वारा कई बार पत्राचार करने के बाद भी जिम्मेदार सुरक्षा के उपकरण के पुख्ता इंतजाम करने की ओर ध्यान नही दे रहे है।

हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर की अस्पताल में आगजनी की घटना होने से आठ लोगो की मौत के हादसे ने फिर खामिया उजागर कर दी है। आगजनी की घटना के बाद फायर विभाग ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। अब देखना यह है कि दमकल विभाग द्वारा कई बार अस्पतालों को पत्राचार करने के बाद कोई सुधार न आने पर क्या सख्त कार्यवाही की जाती है।



मध्य प्रदेश के जबलपुर में दमोह नाका स्थित न्यू लाइफ मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल में सोमवार दोपहर लगी भीषण आग में चार मरीजों सहित आठ लोगों की मौत और पांच के घायल होने की घटना ने पूरे स्वास्थ्य तंत्र को झकझोर दिया है। यह हादसा एक बार फिर अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर गया है। इसी संदर्भ में अब जनपद ललितपुर के अस्पतालों की अग्नि सुरक्षा स्थिति भी चर्चा में है। जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित अधिकांश सरकारी अस्पतालों ने अब तक अग्निशमन विभाग से अंतिम अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का भी परिचायक है। सबसे अधिक गंभीर स्थिति जिला अस्पताल ललितपुर की बताई जा रही है, जो जनपद का सबसे बड़ा एवं सर्वाधिक बेड वाला अस्पताल है। अग्निशमन विभाग द्वारा बार-बार पत्राचार किए जाने के बावजूद, अब तक फाइनल एनओसी के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जितने अधिक बेड और मरीज, उतना अधिक अग्नि जोखिम, ऐसे में जिला अस्पताल जैसी इमारतों में सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। इसी प्रकार तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी फाइनल एनओसी लेने में लापरवाही बरत रहे हैं। दूसरी ओर, निजी क्षेत्र की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है जनपद के लगभग 90 प्रतिशत निजी नर्सिंग होम्स ने फाइनल एनओसी प्राप्त कर ली है। हालांकि, ईसाई मिशनरी अस्पताल ललितपुर जैसे कुछ संस्थान अब भी मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, जो उतना ही चिंतनीय है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जबलपुर की घटना इस बात का प्रमाण है कि अग्नि सुरक्षा में लापरवाही सीधा जन-धन की हानि का कारण बनती है। ललितपुर के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को उत्तर प्रदेश फायर सर्विस पोर्टल पर आवेदन कर शीघ्र फाइनल एनओसी प्राप्त करनी चाहिए। जिला अस्पताल जैसे प्रमुख संस्थानों द्वारा अग्निशमन प्रमाण पत्र प्राप्त न करना जनहित एवं राज्य सरकार की नीतियों के विपरीत है। इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई करें, ताकि जबलपुर जैसी किसी त्रासदी की पुनरावृत्ति ललितपुर में न हो सके।

पुत्री ने लेखपाल व कानूनगो पर लगाए गंभीर आरोप

# महिला ने विषाक्त खाकर तजे प्राण

प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मऊमाफी में रहने वाली कु.प्रियंका ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु करीब 15 वर्ष पहले हो गयी थी, जिसके बाद वह छोटे भाईयों और अपनी मां फूलवती के साथ रहती थी। मां के नाम से गांव में जमीन है। बताया कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, जिसे लेकर गांव के दबंग व्यक्तियों द्वारा बेसहारा होने का लाभ उठाते हुये उनकी जमीन हड़पने का प्रयास करते हुये मां को आये दिन प्रताड़ित किया गया।

आरोप है कि लेखपाल व कानूनगो चकबंदी के साथ दबंगों ने सांठगांठ कर जमीन पर जाने के लिए रास्ता नहीं दिया था। आरोप है कि रास्ता देने के एवज में उक्त लोगों ने उसकी मां से 1.20 लाख रुपये ले लेकर भी रास्ता नहीं दिया। रास्ता देने के लिए 50 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की गयी। जब मांग पूरी नहीं हुयी तो गालियां देते हुये मां का मानसिक उत्पीडऩ शुरू कर दिया गया। आरोप है कि



लेखपाल व कानूनगो बीती 4 अक्टूबर को आये और रास्ता देने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग की, जिसे देने में मां ने असमर्थता व्यक्त की। आरोप है कि 6 अक्टूबर को उक्त लोगों ने शाम करीब 6 बजे उसके खेत में जाने वाले पानी की गूल को क्षतिग्रस्त कर दिया और खेत पर जान से रोकते हुये गालियां दीं और 1.20 लाख रुपये जो दिये थे को भी हड़प करने की धमकी दी गयी। कुं.प्रियंका का आरोप है कि उसकी मां इस तरह के अपमान से मानसिक तनाव में आ गयी और प्रताडऩा से तंग आकर रात करीब 8 बजे जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गयी। हालत बिगडऩे पर मां को अस्पताल में भर्ती कराया था।

लगातार रफ्तार पकड़कर स्वच्छ शहर होगा हमारा ललितपुर

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर होगा शहर का विकासः नीलम चौबे



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी की नपाध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीमती नीलम आशीष चौबे का जनसंपर्क अभियान दिन-प्रतिदिन रफ्तार पकड़ता जा रहा है।

शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया और साथ ही शहरवासियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जहां उन्होंने कहा कि ललितपुर शहर का स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकास किया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने जगह-जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में उनके प्रति खासा उत्साह देखा गया। नीलम चौबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह विकल्प है जो जनता की तकलीफों को समझती है और विकास की बात करती है। उन्होंने भाजपा सरकार पर नगर की बदहाल सड़कों, पेयजल संकट और स्वच्छता की खराब स्थिति को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता अब झूठे वादों से तंग आ चुकी है और बदलाव चाहती है।वार्ड-वार्ड में मिल रहे अभूतपूर्व जनसमर्थन से सपा कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। सपा के स्थानीय नेताओं का कहना है कि इस बार नगर पालिका में साइकिल की लहर पूरे जोश पर है। इस दौरान हरीबाबू शर्मा, रामदास श्रोतीय, गीता मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद थे।

# सीएमओ और सीडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**ललितपुर ।** बिरधा ब्लाक के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी जी को दिए गए शिकायती पत्र के बाद जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद तुरंत ही सीएमओ ने सोमवार को बिरधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया जिसमें भारी मात्रा में कमियां पाई गई और स्वास्थ्य केंद्र में भारी गंदगी थी ।जिसको सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित कर सामने ही अस्पताल की साफ सफाई करवाई और स्टाफ नर्स को फटकार लगाते हुए सारी व्यवस्थाओं की स्वयं जांच की । और महिला मरीज की शिकायत पर तुरंत ही खराब पड़े पंखों को बदलवाया । और खराब पड़े वाटर कूलर को बदलवाकर नए वाटर कूलर को तुरंत ही मंगवाकर लगवाया और आज 1बजे दिन तक अस्पताल में उपस्थित रहकर स्तब्ध पड़ी सारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलवाया। जिससे मरीज आज प्रसन्न चित दिखे और उन्हें तुरंत ही इलाज मिला।

### वीडियो कॉल से दर्ज होगी उपस्थित

देर से आने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों के प्रति सख्त रवैया दिखाते हुए सीएमओ साहब ने आज से ही खुद सुबह 10:15 पर सभी की वीडियो कॉल से खुद अटेंडेंस लेंगे और जो अनुपस्थित पाया जाएगा उसकी तुरंत ही अपसेंट लगाकर नोटिस जारी किया जाएगा । वीडियो कॉल से प्रतिदिन अटेंडेंस लेंगे। अधीक्षक ने अनुपस्थित डॉक्टरों को भेजा नोटिस चिकित्सा अधीक्षक ने तुरंत ही कार्यवाही करते हुए डॉ अनिल कुमार, प्रियंका गौतम, माया श्रीवास्तव की अपसेंट लगाकर उनको नोटिस भेजा और दिनभर खुद उपस्थित रहकर सामने ही सारी व्यवस्थाएं ठीक करवाई।

# नगर गौरव एलाचार्य प्रभावना भूषण महाराज को जैन समाज ने दी विन्यांजलि

**ललितपुर।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में नगर गौरव एलाचार्य प्रभावना भूषण महाराज के समाधिस्थ होने पर विन्यांजलि सभा में वक्ताओं ने मुनि श्री की उत्कृष्ट साधना और त्याग को नमन किया।

सिंहरथ प्रवर्तक आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर महाराज से दीक्षित एलाचार्य महाराज के ग्रहस्थ जीवन से संबंधित अनेक संस्मरण वक्ताओं ने बताते हुए कहा जीवन में वैराग्य की कोई उम्र नहीं होती और न ही वैराग्य एक दो दिन की साधना से आता है इसके लिए निरंतरता जरूरी है। समाधि को उत्कृष्ट साधना बताते हुए आचार्यश्री निर्भयसागर महाराज ने कहा प्रत्येक श्रावक को ऐसी भावना करनी चाहिए कि जीवन का अन्तिम समय गुरू सानिध्य में रहे और मरण



समाधि पूर्वक हो।

विन्यांजलि सभा में न्यायाधीश रायसेन अरविन्द जैन ने जीवन में संस्कारों को प्रेरणादायी बताते हुए कहा यही संस्कार हमें जीवन में सदगति प्रदान कराने में कारण बनते हैं। विन्यांजलि सभा का शुभारम्भ नीली श्राविका मण्डल ने आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्वलन एवं मंगलाचरण कर किया। जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया, अवध विहारी उपाध्याय, कैप्टन राजकुमार जैन, नेमिकुमार जैन एड, अनिल जैन अंचल, अक्षय अलया, सतीश नजा, श्रयांस जैन गदयाना, पं० शीतल प्रसाद जैन, रितिक जैन सुनील सराफ, ब्रहमचारी संतोष भैया, संजय जैन हिरावल, अनीता मोदी, सुमन दिवाकर, उमा सैदपुर, प्राची जैन ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन ने किया ।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सनत जैन खजुरिया, महेन्द्र जैन मडवैया, प्रबंधक मोदी पंकज जैन, मनोज जैन बबीना, अजय जैन गंगचारी, आनंद जैन भागनगर, सुवेन्दु जैन बंट, प्रेमचंद विरधा, प्रदीप जैन सतरवांस, सुधीर जैन जरावली, सौरभ जेन पीलू सुभाष जैन खुरई, अनंत सराफ, मनोज जैन, शैलेश जैन पिन्टू आदि मौजूद रहे।

# महर्षि बाल्मीकि जयंती पर प्रसाद वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में महर्षि बाल्मीकिजी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय जेल चौराहे पर स्थित महर्षि बाल्मीकिजी के मंदिर पर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मनमोहन जडिय़ा ने महर्षि बाल्मीकिजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि वर्तमान में जो वातावरण हमारे समाज में अवनति की ओर ले जा रहा है। इस संक्रमण काल में महर्षिजी के आदर्श और उनके द्वारा लिखी गई रामायण में बताये मार्ग पर चलकर ही हम समाजोत्थान कर सकते हैं। संरक्षक सुशील चौबे ने कहा कि इस पवित्र दिवस पर हम सभी को सामाजिक भेदभाव भुलाकर देश की तरक्की में सहभागी होना चाहिए, यही सार्थक होगा। अंत में सचिव सचिन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दोनों पक्षों में गाय छोडऩे को लेकर हुआ विवाद

# गोवंश पकड़ने गए नपा कर्मियों की टीम से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आवारा पशु पकडऩे गए नगर पालिका परिषद (नपा) के कर्मचारियों पर गाय मालिक और उसके परिजनों ने हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। नगर पालिका परिषद शहर में सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान चला रही है। मंगलवार सुबह नपा की टीम मोहल्ला सदन के पास वन विभाग गेस्ट हाउस के पीछे गाय पकडऩे गई थी।

कर्मचारियों ने एक गाय को पकड़ा, तभी गाय मालिक महेश कुशवाहा अपने परिजनों के साथ वहां पहुंच गया। उन्होंने कर्मचारियों से गाय को छोडऩे के लिए कहा, लेकिन कर्मचारी शानू ने बताया कि वह अधिकारियों के निर्देश पर ही गाय को छोड़ सकता है। हंगामे की सूचना पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जुर्माना जमा करने के बाद गाय को छोडऩे पर दोनों पक्षों में सहमति बन गई थी, लेकिन तभी महेश कुशवाहा कुल्हाड़ी लेकर आया और कर्मचारियों पर हमला कर दिया।

कर्मचारियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिससे दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान सड़क पर खड़ी एक बाइक भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। कोतवाली में दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दे रहे हैं। कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी।


परीक्षा में लगाए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निर्देश बारीकी से बताए

# प्रांतीय सिविल सेवा-पीसीएस परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढ़ग से आयोजित कराने के लिए जिलाधिकारी ने ली बैठक

12 अक्टूबर रविवार को जनपद के 7 परीक्षा केन्द्रों पर 2 पालियों में 2880 परीक्षार्थी देंगे पीसीएस परीक्षा

**ललितपुर।** जनपद में 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली प्रांतीय सिविल सेवा-पीसीएस परीक्षा को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली ने कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा हेतु लगाये गए सभी अधिकारियों को अवगत कराया कि जनपद में 12 अक्टूबर रविवार को दो पालियों में (प्रातः 9:30 से 11:30 एवं दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक) पीसीएस परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 2880 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए जनपद के राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, रघुवीर सिंह महाविद्यालय, नेहरु महाविद्यालय खण्ड ए एवं बी तथा श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, कुल 7 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। इसके साथ ही परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 7 सेक्टर व 7 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं जो अपनी निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करायेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर



महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई हैं तथा एक-एक मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरे, कण्ट्रोल रुम, कक्षों में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बारिश से बचाव के इंतजाम, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। किसी भी सूचना के आदान प्रदान के लिए जिला स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें सभी अधिकारियों को जोड़ा गया है, यदि कोई नहीं जुड़ पाया है तो वे जिला विद्यालय निरीक्षक से सम्पर्क कर अपना नम्बर ग्रुप में जुड़वा लें।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रश्न पत्रों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की होगी, इसलिए सेक्टर मजिस्ट्रेट पहली पाली के लिए प्रातः 6:30 बजे व दूसरी पाली के लिए 11 बजे कोषागार से ट्रंक बॉक्स प्राप्त कर लें। परीक्षा केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट सीसीटीवी की निगरानी में एवं केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही ट्रंक बॉक्स रिसीव करायेंगे। परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केन्द्र पर सभी अधिकारी/कर्मचारियों के गले में पहचान पत्र होने चाहिए, अधिकारियों के पहचान पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय से व केन्द्र पर कर्मचारियों के पहचान पत्र केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा जारी किये जायेंगे। महिला परीक्षार्थियों की चैकिंग के लिए प्रत्येक केन्द्र पर अलग से व्यवस्था की जाएगी, जहां महिला पुलिस कर्मी तैनात रहेंगी। परीक्षा केन्द्रों पर पहली पाली में 8:45 एवं दूसरी पाली में 1:45 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्त होने तक केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे, कही भी कोई घटना होने पर तत्काल कंट्रोल रुम को सूचित करेंगे।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक डिवाइज, स्मार्ट वॉच, गहना व मोबाइल फोन पूर्णतः वर्जित है। इन वस्तुओं को जमा करने के लिए केन्द्र पर व्यवस्था की जाए। परीक्षा केन्द्र पर लगे कार्मिकों और परीक्षार्थियों की सघन तलासी एवं चेहरा प्रमाणीकरण किया जाएगा, साथ ही बायोमेट्रिक भी की जाएगी। इन्विजिलेटर प्रश्नपत्रों के शील्ड बण्डल परीक्षार्थियों के सामने खोलेंगे एवं परीक्षा समाप्त होने से 5 मिनट पहले कक्ष को अंदर से बंद करके परीक्षार्थियों से उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करेंगे। परीक्षा समाप्त होने पर ट्रंक बॉक्स शील करते समय सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक सामग्री अपने निर्धारित स्थान पर ही रखी जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें, अधिकारियों का प्रशिक्षण 9 एवं 11 अक्टूबर को राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर हो रही गतिविधियों की लाइव स्ट्रीमिंग आयोग के मुख्यालय से देखी जाएगी, इस लिए आयोग के दिशा-निर्देशों के इतर कोई भी गतिविधि न करें।

जिलाधिकारी ने परीक्षा हेतु नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी कार्मिक 18 वर्ष से कम आयु का न हो।


## गजवा -ए - हिंद की दस्तक एवं धर्मांतरण जैसे अनैतिक कार्य हो रहे हैं संचालित

# कोटरीकलां के पूर्व सरपंच ने बडा अंजुमन समिति पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पूर्व सरपंच कोटरीकलां ने बडा अंजुमन समिति पर जंगलों में मस्जिद बनाने से लेकर समाज के पैसों से अनैतिक गतिविधियां संचालित करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर, एसपी के साथ साथ देश के गृहमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक को की है। जिसमें उन्होंने बताया है कि नरसिंहगढ़ तहसील के कोटरीकलां गांव में बडा अंजुमन के नाम से कुछ लोग समाज से चंदा उगाकर उसका दुरूप्योग असामाजिक गतिविधियां संचालित करने में कर रहे हैं। 2015 से आज तक उगाए गए चंदे के आय-व्यय का ब्योरा समाज के सामने नहीं रखा, बल्कि उसका उपयोग हथियार खरीदने जैसे काम में किए जाने का आरोप लगाया है जिसकी जांच होना चाहिए। पूर्व सरपंच ने यह भी बोला कि प्रशासन समिति के आय के श्रोत और उनसे खर्चे का हिसाब मांगे तो चौकाने वाले तथ्य सामने आएंगे। पूर्व में भी गजवा -ए - हिंद संगठन की दस्तक कोटरीकलां में सुनाई दी थी परंतु प्रशासन के अलर्ट होने की बजह से वह अब सामने दिखाई नहीं देती। परंतु अनैतिक गतिविधियां संचालित होने का अंदेशा अभी भी है। हमने इस संगठन की शिकायत सभी अधिकारियों तक पहुंचा दी है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### पूर्व सरपंच बोले पूर्व में गजवा-ए-हिंद में आ चुके इनके नाम


प्रति,
1. श्री मान कलेक्टर महोदय जिला राजगढ़ म.प्र.
2. पुलिस अधीक्षक महोदय राजगढ़ म.प्र.
विषय- अनावेदक गण द्वारा समाज के लोगों से अवैध रूप से जमा कराये गए चंदे की राशी और धार्मिक संपत्तियों से अर्जित राशियों का दुर्विनियोग करने के विषय में अपराधिक कार्यवाही किये जाने हेतु एवं हिसाब एवं आय व्यय विवरण की जांच कराये जाने
माननीय महोदय आवेदक की ओर से आवेदन सादर निम्नानुसार प्रस्तुत है –
1. यह कि अनावेदक गण क्र 1- इलयास @ ईसा पिता बुनाखी आयु 50 वर्ष, क्र 2- अमीन पटेल पिता मकसूदखार खां आयु 60 वर्ष, क्र 3- सुलेमान पिता ताजमोहम्मद आयु 60 वर्ष, क्र 4- युसूफ सरपंच पिता हमीद खां आयु 50 वर्ष क्र 5- फकीर मोहम्मद पिता सिकंदर खां आयु 62 वर्ष, क्र 6-सलीम पिता दादर खां आयु 55 वर्ष, क्र 7- अशफाक खां पिता महमूद खां आयु 45 वर्ष, क्र 8- बदूद खां पिता सिकंदर खां आयु 35 वर्ष, क्र 9- अमीरउल्ला पिता सिकंदर खां आयु 50 वर्ष, क्र 10- अशरफ पिता इलयास आयु 45 वर्ष, क्र 11- मोहम्मद सूफी पिता नसरुद्दीन उर्फ नस्सू आयु ...



कोटरीकलां के पूर्व सरपंच अमीरउल्ला ने बताया कि बडा अंजुमन का संचालन करने वाले लोग पहले भी गजवा ए हिंद जैसे संगठनों से जुड़े होने के संकेत मिले थे। जिनमें अमीन उल्ला, सुलेमान, इलयाश, सलीम खा, रउफ खा, युसुफ खा, इब्राहिम बोरखेड़ा प्रमुख थे। रउफ खां पर जिलाबदर की कार्रवाई हो चुकी है परंतु वह भी गांव में ही घूमता रहा।

### हिंदू-मुस्लिम झगड़े का डर दिखाकर उगाते हैं चंदा

अमीरउल्ला का कहना है कि- चंदे के पैसों से यह लोग हथियार खरीदते हैं। पूर्व में भी इन्होंने हिंदू-मुस्लिम झगड़े का खौफ दिखाकर 275 क्विंटल गेहूं इकट्ठे और उनको बेचकर पैसे हड़प कर लिए। इसी तरह ईदगाह एवं मस्जिद में सीसी रोड के नाम पर पैसा खा गए जबकि सड़क ग्राम पंचायत ने बनवाई थी।

**पूर्व जिला महामंत्री बोले** - करा रहे हैं धर्म परिवर्तन

वहीं कैलाश राज पूर्व जिला महामंत्री भाजपा ने बताया कि कोटरी मिनी पाकिस्तान बनता जा रहा है वहां पर इन सभी लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा है बल्कि कुछ हिंदू परिवारों से धर्म परिवर्तन भी करवाए हैं। मुस्लिम समुदाय से बहुत से ग्रामीण इस तरह की अवैध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत लेकर मेरे पास आए हैं। जल्दी ही सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

### इनका कहना है...

हमने पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया है और इसकी जांच की जांच की जा रही है। जल्दी ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संगीता शर्मा, टीआई कुरावर

## राज्य स्तरीय हैंडबॉल में छात्रा का चयन



**ब्यावरा।** मानस स्कूल की छात्रा का मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय हैंडबॉल के लिए हुआ चयन 3 से 7 अक्टूबर शुजालपुर में आयोजित म.प्र. राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल 17वर्ष बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 9वी की छात्रा निहारिका भल्ला पिता राजेश भल्ला का चयन हुआ है। छात्रा का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सीहोर में राजगढ़ जिले की ओर से कप्तान की भूमिका निभाते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन के दौरान विदिशा के खिलाफ मैच में 4 गोल करके निहारिका ने राज्य स्तरीय टीम में अपनी जगह बनाई है छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चौहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कनिष्ठ अब विएना में अपनी सेवाएं दे रहे

# राजगढ़ के कनिष्क ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ के एक युवा कनिष्क राज राठौर ने संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) में प्रोग्राम ऑफिसर (पी-3) रीजनल ब्यूरो फॉर एशिया एंड पैसेफिक, डायरेक्टोरेट ऑफ ग्लोबल पार्टनशिप एण्ड एक्सटर्नल रिलेशनशिप मुख्यालय विएना, आसट्रिया में महत्वपूर्ण पद पर चयनित होकर जिले का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

कनिष्ठ अब विएना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रतिष्ठित पद के लिए कई जटिल चयन प्रक्रियाओं, एवं साक्षात्कार उपरान्त दुनियाभर के कईं उम्मीदवारों में से उन्हें चुना गया है। कनिष्क का जन्म राजगढ़ के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता जयराज सिंह राठौर सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं, जबकि माता सीमा सिंह राजगढ़ कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजेश्वर कान्वेंट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय, राजगढ़ से प्राप्त करने के उपरान्त आगे की पढ़ाई बिरला स्कूल, पिलानी से की थी। अपनी इस सफलता पर कनिष्क का कहना है कि वे यह केवल मेरी नहीं बल्कि मेरे परिवार, शिक्षकों एवं जिले की सामुहिक सफलता है। मेरा प्रयास रहेगा कि यूएनआईडीओ में काम करते हुए विकासशील देशों के उद्योग पर्यावरण के अनुकूल और समावेशी बनाए जा सकें।

### क्या है यूएनआईडीओ

यूएनआईडीओ विश्व स्तर पर औद्योगिक विकास और सतत औद्योगीकरण को बढ़ावा देने वाला प्रमुख संगठन है। यह विशेष रूप से विकासशील देशों में हरित तकनीक, नवाचार और रोजगार सृजन के क्षेत्र में काम करता है। कनिष्क को जिन परियोजनाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यूएनआईडीओ की पहलों के लिए वैश्विक फोरम आयोजित करने, साझेदारी और सदस्य राज्यों के साथ सहभागिता बढ़ाने से जुड़ी होंगी।

# छात्र-छात्राओं को बताए बाल-विवाह और बाल-सगाई के दुष्परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के लिए नासूर बनी नातरा एवं झगड़ा कुप्रथा का मुख्य कारण है बाल-विवाह एवं बाल-सगाई है। इसी के दृष्टिगत प्रशासन सहित अन्य संस्थाओं द्वारा इन कुरीतियों को समाप्त करने समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में अहिंसा वेल फेयर सोसायटी की टीम ने उपस्थित विद्यार्थियों से बाल-विवाह एवं बाल-सगाई पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बच्चों को बाल विवाह और बाल सगाई के दुष्परिणाम बताए गए। उन्हें समझाया गया कि बचपन में सगाई या विवाह करने से आगे चलकर झगड़े जैसी कुप्रथाओं को बढ़ावा मिलता है, इसलिए हमें इसे जड़ से समाप्त करने के लिए अभी से प्रयास करना आवश्यक है। बच्चों को बताया गया कि यह उम्र शिक्षा प्राप्त करने की है, विवाह करने की नहीं।

### विद्यार्थियों से बालश्रम पर भी की चर्चा

इस दौरान बालश्रम पर विद्यार्थियों से चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि शिक्षा प्राप्त करना हमारा अधिकार है और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा दिलाना हमारा कर्तव्य है। उन्हें बाल बंधुआ मजदूरी का अर्थ उदाहरण सहित समझाया गया और बताया गया कि यदि उन्हें कहीं कोई कम उम्र का बच्चा श्रम या बंधुआ मजदूरी करते दिखाई दे तो तुरंत विद्यालय के शिक्षक या हमें इसकी सूचना दें, ताकि उस बच्चे को उसका अधिकार मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को बाल विवाह न करने एवं न करने देने की शपथ दिलाई गई।

## जिले के 4 दिवसीय दौरे पर आया आईआईएम इंदौर का दल

**राजगढ़।** भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के 24 सदस्यों का एक दल राजगढ जिले के 4 दिवसीय विशेष दौरे पर आया है। यह विशेष दल ग्रामीण इंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में पहुंचेगा। जिला पंचायत सीईटो इच्छित गढ़पाले से भी दल के सदस्यों ने भेंट की।

यह दल राजगढ़ जिले के विकासखण्ड ब्यावरा के ग्राम आमल्याहाट, सारंगपुर के ग्राम भेंसवामाता, राजगढ के ग्राम कुण्डीबेह एवं खिलचीपुर के ग्राम जेतपुराकलां में रहकर स्व-सहायता समूहों एवं उनके संगठनों के आर्थिक विकास एवं उनके उत्पादों की मार्केटिंग के लिए कार्य करेंगे। इस हेतु जिला स्तर पर जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन से संदीप सोनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

# विशेष महानिदेशक ने किया राजगढ़ जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विशेष महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं भोपाल श्री जी. अखेतो सेमा द्वारा रविवार को जिला जेल राजगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जेल के अस्पताल, पाठशाला एवं जेल में निरुद्ध बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता आदि चेक करने पाकशाला (किचन) का भी निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान स्पेशल डीजी श्री सेमा ने खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट तक चेक की। इसके साथ ही जेल में बंदियों को खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं निजी स्त्रोत से प्रदाय किये जाने हेतु संचालित जेल केन्टीन का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने जेल के समस्त बैरकों एवं महिला वार्ड भी चेक किया। इस निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या उन्हें नहीं बताई गई। इस पर श्री सेमा द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।



### जिले के आलाधिकारी भी रहे मौजूद

विशेष महानिदेशक द्वारा जेल के इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे मौजूद रहे। जेल अधीक्षक आलोक बाजपेयी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को विस्तृत रूप से जेल का निरीक्षण करवाया गया।

# किसानों को फसल बीमा राशि नहीं मिलने पर आप ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**नरसिंहगढ़।** किसानों को फसल बीमा योजना की बकाया राशि नहीं मिलने से नाराज आम आदमी पार्टी ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश संयुक्त सचिव प्रवीण सक्सेना की मौजूदगी रही।

पार्टी ने ज्ञापन में मांग की कि जिले के किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत बकाया राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि "सरकार किसानों के आंसू पोंछे और उनका हक तुरंत दिलाए। यदि किसानों की समस्याओं पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। जिला युवा विंग अध्यक्ष विशाल सोनी ने बताया कि जिले के अधिकांश किसानों को अभी तक फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिनों के भीतर किसानों को राहत नहीं दी गई, तो आगामी 13 अक्टूबर से पार्टी कार्यकर्ता नीम तिराहे पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। ज्ञापन सौपते दौरानदौलतराम विजयपुरिया ,रामनारायण मंडलोई , पवन कुशवाहा, ऋषि शर्मा, विक्रम सिंह गुर्जर, जगन्नाथ एवं दिलीप कुशवाह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## असमय बारिश से किसानों की फसल हुई खराब, उचित मुहावजे की मांग

**माचलपुर।** असमय हुई बारिश से क्षेत्र के किसानों की सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई। बावजूद इसके प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को मुआवजा से वंचित रखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अजीब विडंबना है प्रदेश सरकार अपने आपको किसानों की हितैषी सरकार होने का दावा करती है, बावजूद इसके सरकार को किसानों की बर्बादी नहीं दिखाई दी प्रदेश के अन्य जिलों में मुआवजा वितरित कर दिया और राजगढ़ जिले को मुआवजे से वंचित रखा। जिले में पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक हैं जिनमें दो मंत्री भी है वही सांसद भी भाजपा का बावजूद इसके किसानों के आंसू दिखाई नहीं देना किसानों के प्रति सरकार की वा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी है।



इस बार किसानो के खेतों में सोयाबीन प्रति बीघा बहुत कम बैठक हुई उसमें भी प्रकृति के प्रकोप से असमय की बारिश ने बर्बाद कर किसानों आंसू बहाने पर मजबूर कर दिया जिससे आने वाले सभी त्यौहार फीके हो गये, इसमें में भी सरकार का असंवेदन शील रवैया किसानों जख्मों पर नामक छिड़कने के सामने है। क्षेत्र के किसान नेता फूलसिंह गुर्जर वा अन्यकिसानों के साथ सरकार के रवैया को विरोध करते हुए शीघ्र मुआवजा नहीं दिया तो आंदोलन करने की बात कर रहे हैं।

## ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय अधिवेशन में सुरेश चौहान का सम्मान



**सारंगपुर।** ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट नई दिल्ली का छठवां राष्ट्रीय अधिवेशन ब्रज नगरी मथुरा-वृंदावन (उ.प्र.) में 5 एवं 6 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश चैहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र के पाँच जिले शाजापुर, राजगढ़, आगर, मंदसौर एवं नीमच के समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पहले दिन वृंदावन के बैरागी आश्रम, परिक्रमा मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी एम.एस. ठाकुर (संस्थापक), राजेंद्र प्रसाद सेन 'रज्जू भैया' (राष्ट्रीय संरक्षक), गिरधारीलाल सेनराष्ट्रीय अध्यक्ष), सुरेश चैहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ओ.पी. सेन राष्ट्रीय प्रवक्ता, मनमोहन सिंह (राष्ट्रीय महासचिव), शोभा छानीवाल (महिला अध्यक्ष), गीता बजाज (महिला महासचिव, पंजाब), तथा रघुवीर शरण श्रीवास राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूथ विंग सहित देशभर के लगभग 20 राज्यों के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया। दूसरे दिन आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में समाज के उत्थान हेतु "सेन विकास सहायता निधि" के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस योजना का उद्देश्य देशभर से एक लाख सदस्यों को जोड़कर समाज के जरूरतमंदों को शिक्षा, व्यवसाय एवं आवास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। इस योजना में प्रत्येक सदस्य 1 प्रतिदिन यानी 30 मासिक एवं 360 वार्षिक राशि स्वेच्छा से देगा, जिससे लगभग 30 लाख की निधि एकत्रित होगी। अधिवेशन में उपस्थित लगभग 200 सदस्यों ने तत्काल सदस्यता ग्रहण करते हुए राशि जमा कर समाजसेवा की भावना प्रदर्शित की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण गिरधारीलाल सेन ने दिया। संचालन एडवोकेट मनमोहन सिंह सेन राष्ट्रीय महासचिव ने किया।

## जिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से भेंट कर मांगी फसलों की सर्वे रिपोर्ट

# प्रदेश सरकार राजगढ़ जिले के किसानों के साथ अन्याय कर रही: प्रियवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

### किसानों को शीघ्र मुआवजा न मिलने पर बड़ा आंदोलन करेगी कांग्रेस

इस साल जिले में हुई अतिवृष्टि एवं खरीफ फसलों में पीला मोजेक लगने के चलते सभी तहसीलों के किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है। कहीं-कहीं तो नुकसान इतना अधिक हुआ है कि किसानों की पूरी फसल ही तबाह हो चुकी है। इसके बाद भी विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 17 जिलों के किसानों को मुआवजा राशि वितरित की गई लेकिन उसमें राजगढ़ जिला शामिल नहीं था। ऐसे में जिले के किसी भी किसान को अब तक अपनी बर्बाद फसलों का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इसमें काफी हद तक प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है क्योंकि जिले में फसलों को हुए नुकसान से संबंधित जो रिपोर्ट शासन को भेजी जानी थी, वह अब तक नहीं भेजी गई है। यही कारण है कि राजगढ़ जिला मुआवजे से वंचित रह गया। ऐसे में क्षेत्र के हजारों किसानों की परेशानी और मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए जिले में फसलों के सर्वे की रिपोर्ट एवं उपलब्ध करवाने की मांग रखी ताकि मालूम हो सके कि किन कारणों से राजगढ़ जिला मुआवजे से वंचित रहा है। इस संबंध में इंकाजनों ने उक्त संबंध में एक पत्र भी कलेक्टर को सौंपा है।



### इंकाजनों पर दर्ज एफआईआर के संबंध में एसपी से मिले

विगत दिनों कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित पर माचलपुर थाने एवं कुरावर थाने में एक अन्य पर एफआईआर दर्ज हुई थी। इसको लेकर भी कांग्रेसजनों ने पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से भेंट करते हुए उक्त दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग रखी। कांग्रेसजनों का कहना था कि पुरोहित पर बगैर जांच के एफआईआर दर्ज कर दी गई जबकि वे घटना के समय मौके पर ही मौजूद नहीं थे।

### 2504 में से 2177 की हुई क्रॉप कटिंग

जिले के किसानों के मुआवजे से वंचित रहने का प्रमुख कारण प्रशासनिक लचरता भी कही जा सकती है। दरअसल जिले की विभिन्न 9 तहसीलों में कुल 2504 क्रॉप कटिंग की जाना है जिसमें से अभी तक 2177 क्रॉप कटिंग हो पाई है। कृषि विभाग और राजस्व महकमे द्वारा त्वरिता से कार्य न किए जाने के कारण जिले की सर्वे रिपोर्ट शासन तक नहीं पहुंच पाई और यही कारण है कि एक अदद किसान को धेला भी नहीं मिल पाया है।

### ...तो बड़ा आंदोलन करेगी कांग्रेस

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेसवार्ता का आयोजन भी किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए वे प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आखिर राजगढ़ जिले के किसानों को मुबावजे से क्यों वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन मान ही नहीं रहा है कि पीला मोजेक लगने से किसानों की फसलें खराब हुई हैं। किसी भी किसान का सोयाबीन का उत्पादन एक बीघे में 50 किलो या एक क्विंटल से ज्यादा नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि अगर जिले के किसान मुआवजे से वंचित रहे तो कांग्रेस का बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।